# बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड

एसबीयू - ग्रीस एंड लुब्रिकेंट्स
पी-43, हाइड रोड एक्सटेंशन
कोलकाता-700 088, भारत

**<u>ई-प्रापण सार्वजनिक निविदा</u>**

निविदा पूछताछ सं. : GLK/TE17/311
दिनांक : 09.02.18
नियत तारीख : 05.03.18 को 15:00 बजे
मद : एथिलीन प्रोपिलीन को-पॉलीमर

बॉमर लॉरी एंड कंपनी लि., (भारत सरकार का उद्यम) जिसे यहाँ इसके बाद बीएल कहा गया है, भारत में ग्रीस और लुब्रिकेंट की एक अग्रणी निर्माता है। यह कंपनी अपने **कोलकाता और सिलवासा संयंत्रों के लिए <u>एथिलीन प्रोपिलीन को-पॉलीमर</u>**, प्रत्येक 16 मी.ट. का एक पूर्ण कंटेनर भार की खरीद करना चाहती है।
विस्तृत निबंधन व शर्तें नीचे दी गई हैं -

1. उत्पाद के विनिर्देश -

| | |
|---|---|
| **1.0** | **प्रकार - एथिलीन प्रोपिलीन को-पॉलीमर जिसका प्रयोग VI इंप्रूवर के रूप में किया जाना है** |
| **2.0** | **सामग्री के गुणधर्म -** |
| **2.1** | **सामग्री के गुणधर्म इस प्रकार होंगे कि खनिज तेल में पॉलीमर का पूर्तिकर्ता द्वारा संस्तुत उपचार स्तर का प्रयोग नीचे दिए गए अनुसार मिश्रित गुणधर्म तैयार करे -** |
| **क)** | **100 डिग्री सें. पर गतिक श्यानता : 1100 cSt (न्यूनतम)** |
| **ख)** | **रंग ASTM (D 1500) : 3.5 (अधिकतम)** |
| **ग)** | **पोर प्वाइंट डिग्री सें.[ASTM D97] : - 3 अधिकतम** |
| **घ)** | **SSI : 25 अधिकतम [ASTM D 6278]** |
| **2.2** | **प्रवाह के गुणधर्म - सामग्री (10% सांद्रण) को 10 डिग्री सें. तक के नीचे के तापमान में प्रवाहित होना चाहिए।** |
| **2.3** | **सामग्री को 100-120 डिग्री से. पर ग्रूप। खनिज तेल (एसएन 150) में तुरंत घुलने योग्य होना चाहिए।** |
| **क)** | **सामग्री को एसएन 150 खनिज तेल में घोलने के कारण खनिज तेल के रंग में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए। घोलने के बाद रंग को अधिकतम 3.5 होना चाहिए।** |

| | |
|---|---|
| | **नोट -**<br>**प्रयुक्त एसएन 150 में निम्नलिखित विनिर्देश होने चाहिए -**<br>**1) 40 डिग्री सें. पर केवी = 30 - 33 cSt**<br>**2) पोर प्वाइंट = (-) 6 डिग्री सें. अधिकतम**<br>**3) रंग = 2.5 अधिकतम ( ASTM D 1500)**<br><br>**एसएन 150 में पॉलीमर घोल को पोर प्वाइंट से ( +) 3 डिग्री सें. के भीतर अर्ध ठोस अवस्था से अपनी तरल अवस्था में वापस आना चाहिए।** |

**नोट - बोलीकर्ताओं को आपूर्ति के साथ बैच-वार जाँच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

ख) बोलीकर्ता को यह संपुष्ट करना होगा कि उनका उत्पाद बिना किसी परिवर्तन के उक्त विनिर्देशों को पूरा करता है। इसके अलावा, उन्हें हमारे मूल्यांकन के लिए अपने प्रस्ताव के साथ उत्पाद / उत्पादों का ½ कि.ग्रा. नमूना [केवल ऐसे नए पूर्तिकर्ताओं के लिए लागू जिन्होंने इससे पहले बीएल को इसी प्रकार के उत्पाद की आपूर्ति नहीं की है ] भी देना होगा।

2. मात्रा - हमारे कोलकाता और सिलवासा संयंत्र के लिए 16 +/- 10 % मी.ट. प्रत्येक

3. वरीय पैकिंग - पैलेट या क्रम्ब में आपूर्ति के लिए 25/50 कि.ग्रा. की क्षमता वाले प्लास्टिक बैग में

4. सुपुर्दगी की अनुसूची -

4.1 समुद्रपार आपूर्ति के लिए - आदेश देने के दो सप्ताह के भीतर जहाज द्वारा प्रेषण

4.2 देशी आपूर्ति के लिए - आदेश देने की तारीख से छ : (6) सप्ताह के भीतर हमारे कारखाने को सुपुर्दगी देनी होगी

5. भुगतान के निबंधन -

5.1 समुद्रपार आपूर्ति के लिए - लदान बिल की तारीख से 60 दिनों के क्रेडिट के साथ बैंक द्वारा दस्तावेज भेजने पर भुगतान

5.2 देशी आपूर्ति के लिए - गुणवत्ता जाँच और स्वीकृति की शर्त पर, हमारे कारखाने में माल प्राप्त करने और आपका बिल प्रस्तुत करने की तारीख से 30 दिन

6. गुणवत्ता और निरीक्षण -

6.1 समुद्रपार आपूर्ति के लिए -

6.1.1 बीएल क्रेता की लागत पर एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा नौवहन के पहले निरीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

6.1.2 प्राप्ति के बाद का निरीक्षण और जाँच - बीएल सामग्री प्राप्त करने के बाद (सामग्री प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर) निरीक्षण करने और जाँच करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। यदि यह पाया जाता है कि ठेकाजन्य विनिर्देशों को पूरा नहीं किया गया है तो पूर्तिकर्ता उत्पाद को निशुल्क बदलेंगे। इसके अलावा, पूर्तिकर्ता निर्धारित विनिर्देश पूरा न करने वाली सामग्री पर क्रेता द्वारा उपगत लागत की प्रतिपूर्ति क्रेता को करेंगे।

7.1 देशी आपूर्ति के लिए -

7.1.1 सामग्री प्राप्त करने के 7 दिनों के भीतर बीएल द्वारा निरीक्षण और जाँच किया जाएगा।

8. कीमत -

8.1 समुद्रपार आपूर्तिकर्ता सीआईएफ कोलकाता (कोलकाता संयंत्र के लिए) और सीआईएफ नहावा शेवा (सिलवासा संयंत्र के लिए) आधार पर होगी। इसे दी गई जगह में ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा।

8.2 देशी आपूर्तिकर्ता बीएल की ई-प्रापण साइट में दिए गए कीमत बोली प्रारूप के अनुसार ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करेंगे।

**9.0** **<u>बोलीकर्ता का मूल्यांकन</u>** - बोली की कीमत का मूल्यांकन निम्नतम एनएटीसी आधार पर किया जाएगा। एनएटीसी का परिकलन करने के लिए निविदा खोलने की तारीख पर बेस आइल (एसएन 150) की आयातित लागत को ध्यान में रखते हुए परिकलित तैयार माल की निम्नतम निवल पॉलीमर उपचार लागत (एनपीटीसी) प्रति कि.ग्रा. पर की जाएगी। पूर्तिकर्ताओं को अपने प्रस्ताव में अपने कोट किये गए पॉलीमर के उपचार स्तर का उल्लेख आवश्यक रूप से करना होगा।

10.0 बयाना जमा राशि - देशी बोलीकर्ता को प्रस्ताव के साथ रु. 1,00,000.00 [रुपए एक लाख] और समुद्रपार बोलीकर्ताओ को यूएसडी 2500.00 (दो हज़ार पाँच सौ यूएस डॉलर) की ब्याज मुक्त बयाना राशि जमा करनी होगी।

11.0 सुरक्षा जमा - आदेश देने पर, पूर्तिकर्ता को ठेका के पूरा होने तक वैध, आदेश के मूल्य के 2% की समतुल्य बैंक गारंटी, ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा राशि के रूप में जमा करनी होगी। यह सुरक्षा जमा राशि संविदा के सफल समापन पर वापस कर दी जाएगी / लौटा दी जाएगी।

12.0 प्रस्ताव की वैधता - निविदा की नियत तारीख से न्यूनतम 60 दिन।

13.0 संदर्भ और प्रमाण-पत्र - बोलीकर्ताओं को अपने निर्माण स्थल, वर्तमान निर्माण क्षमता, गुणवत्ता प्रणाली का प्रमाणीकरण, भारत और विदेश में वर्तमान ग्राहक के विवरण देने होंगे।

14. हम प्राप्त सभी / किसी एक निविदा को अस्वीकार करने या निविदा को आंशिक मात्रा में स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

S.GHOSH
Executive (CP)

बॉमर लॉरी एंड कं. लि.
एसबीयू - ग्रीस एंड लुब्रिकेंट्स
पी-43, हाइड रोड एक्सटेंशन
कोलकाता-700 088
टेलीफ़ोन - +91 33 24505362
फैक्स - +91 33 24392277
ई मेल - ghatak.a@balmerlawrie.com

# ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की शर्तें

## बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

बोलीकर्ता नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करते हुए https://balmerlawrie.eproc/.in में ई-प्रापण प्लेटफार्म में निविदा के लिए बोली प्रस्तुत करने द्वारा अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करेंगे। बोलीकर्ता को https://balmerlawrie.eproc/.in में ई-प्रापण मार्केट प्लेस में पंजीकरण करना होगा और अपनी बोली ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी द्वारा कोई ऑफ़लाइन बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। बोलीकर्ता ई-प्रापण वेब साइट में प्रदर्शित निविदा दस्तावेजों में निर्धारित मानक प्रारूप में अपने पात्रता व अर्हता दस्तावेज, तकनीकी बोली, वित्तीय बोली आदि प्रस्तुत करेंगे। बोलीकर्ता ई-प्रापण वेब साइट में अपने पात्रता मानदंड / तकनीकी बोली के समर्थन में, सभी संबंधित प्रमाण-पत्र, दस्तावेज आदि, यदि आवश्यक हो, की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करेंगे। बहरहाल, अधिक संख्या में दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु, इनकी हार्ड कॉपी निविदा खोलने क तारीख से पहले निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी के कार्यालय को भेजी जाए। बोलीकर्ता अपने द्वारा अपलोड किए गए सभी विवरणों, दस्तावेजों, प्रमाण-पत्रों पर हस्ताक्षर करेंगे और उनकी सत्यता / प्रामाणिकता की जिम्मेदारी स्वयं लेंगे।

**ई-प्रापण प्लेटफार्म पर पंजीकरण -**

पंजीकरण तथा ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए, बोलीकर्ता मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. के हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं या वेबसाइट https://balmerlawrie.eproc/.in पर लॉगिन करते हुए स्वयं अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

**डिज़िटल प्रमाण-पत्र का प्रमाणीकरण -**

बोलीकर्ता ई-प्रापण प्लेटफार्म पर बोली को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए अपने डिज़िटल प्रमाण-पत्र के साथ बोली को प्रमाणित करेंगे, ऐसी बोलियाँ जो बोलीकर्ता के डिज़िटल प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित नहीं हैं, उन्हें ई-प्रापण प्लेटफार्म पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी बोलीकर्ता जिनके पास डिज़िटल प्रमाण-पत्र नहीं है, उन्हें डिज़िटल प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा। वे सी1 इंडिया प्रा. लि. के हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि.
सी104, सेक्टर 2, नोएडा-201301
संपर्क व्यक्ति -
ऋताब्रता चक्रबोर्ती (कोलकाता), +91 9748708094
ईमेल - ritabrata.chakraborty@c1india.com

**हार्ड कॉपी प्रस्तुत करना -**

बोली को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बाद, बोलीकर्ता टेक्नो-कमर्शियल/अमूल्य बोली खोलने से पहले निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी को यथा आवश्यक, अन्य दस्तावेजों के साथ निविदा शुल्क तथा / ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट / बैंक गारंटी प्रस्तुत करेंगे। बोलीकर्ता व्यक्तिगत रूप से या कूरियर अथवा पोस्ट

द्वारा मूल डीडी / बैंक गारंटी तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे और निर्धारित समय के भीतर इसकी रसीद प्राप्त करना बोलीकर्ता की जिम्मेदारी होगी। उक्त दस्तावेजों को प्राप्त करने में देरी होने या प्राप्त न होने पर बीएल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यदि बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत किसी दस्तावेज को गलत / जाली पाया जाता है तो बोलीकर्ता को काली-सूची में डाला जाएगा, ईएमडी जब्त की जाएगी, कार्य रद्द कर दिया जाएगा या अपराधिक मुकदमा दायर किया जाएगा।

बोलीकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी से हार्ड कॉपी जमा करने के साक्ष्य स्वरूप, पक्की रसीद प्राप्त कर लें।

**निविदा का शुद्धिपत्र -**

बोलीकर्ता को ई-प्रापण प्लेटफार्म में समय-समय पर निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी द्वारा जारी परिशिष्ट / शुद्धिपत्र देखते हुए, किसी प्रकार के परिवर्तन को ध्यान में रखना होगा। निविदा आमंत्रित करने वाली कंपनी इस कारण उत्पन्न होने वाले किसी दावे / समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

**बोली प्रस्तुत करने की पावती -**

प्रयोक्ता को बोली प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाएँ और चरण पूरे करने होंगे। इन सभी प्रक्रियाओं और चरणों को पूरा करने के बाद बोली प्रस्तुत करने की संख्या द्वारा सिस्टम से पावती देने पर यह अभिनिश्चित किया जा सकता है कि बोली को सफलतापूर्वक प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रयोक्ताओं को अपूर्ण बोली प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी और सी1 इंडिया प्रा. लि. की नहीं होगी। प्रयोक्ता यह भी नोट करें कि अपूर्ण बोलियों को सिस्टम द्वारा सहेजा नहीं जाएगा और उन पर आगे की कार्यवाही करने के लिए वे निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी को उपलब्ध नहीं होंगे।

स्कैन किए हुए दस्तावेज अपलोड करने से पहले, बोलीकर्ता अपने द्वारा अपलोड किए गए सभी विवरणों, दस्तावेजों, प्रमाण-पत्रों पर हस्ताक्षर करेंगे और उनकी सत्यता / प्रामाणिकता की जिम्मेदारी स्वयं लेंगे।